| | | |
|---|---|---|
| 17.11.2024 | आकाशवाणी भोपाल<br>सांध्यकालीन समाचार | 07.10pm |

मुख्य समाचार :-

ऽ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नाइजीरिया के राष्ट्रपति के बीच हुई वार्ता।

ऽ महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कल शाम थमेगा चुनाव प्रचार।

ऽ मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- प्रदेश में खेल अधोसंरचना का निरन्तर हो रहा है विकास।

ऽ मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में 20 नवंबर से शीतलहर चलने की संभावना।

प्रधानमंत्री-नाइजीरिया दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू ने आज अबूजा में वार्ता की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच कार्यनीतिक भागीदारी की समीक्षा की और आपसी संबंधों को बेहतर बनाने के अवसरों पर चर्चा की। राष्ट्रपति टीनुबू के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत नाइजीरिया के साथ अपनी कार्यनीतिक भागीदारी को बहुत महत्व देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्रों में पहले से सहयोग जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश आतंकवाद और समुद्री लुटेरों की चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित करने के निर्णय के लिए नाइजीरिया के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। श्री मोदी ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, बल्कि समस्त भारतीयों का है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 17 वर्षों में यह पहला मौका है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया की यात्रा की है। उन्होंने कहा कि भारत, नाइजीरिया के बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत के लिए मानवीय सहायता के तौर पर बीस टन सामग्री भेजेगा। श्री मोदी ने नाइजीरिया को ब्रिक्स का भागीदार देश बनने पर बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत और नाइजीरिया ग्लोबल साउथ के मुद्दों को विश्व मंच पर उठाते रहेंगे।

मेडीकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और व्यापक बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए 21 नवंबर को उज्जैन मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से पूर्ण किया जायेगा। इससे उज्जैन और आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2003 तक प्रदेश में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज

थे, जो अब बढ़कर 17 हो चुके हैं। प्रदेश में एम.बी.बी.एस. सीटें भी 720 से बढ़कर 2,575 हो गई हैं। श्योपुर, सिंगरौली, मंडला और राजगढ़ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ छतरपुर, दमोह और बुधनी में स्ववित्तीय अनुदान से मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही 12 अन्य जिलों में सार्वजनिक जनभागीदारी नीति के तहत मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 14 मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 30,000 से अधिक चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय पदों पर भर्ती की जाएगी।

झारखंड प्रचार

महाराष्ट्र विधानसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल चुनाव प्रचार थम जाएगा। इसके पहले दोनों राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड रही हैं।

झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा की वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित एनडीए के नेता प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन पार्टी और वामपंथी दलों के नेता झारखंड के विभिन्न इलाकों में रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। वहीं महाराष्ट्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नासिक में, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में रैली की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धूले जिले के शिंदखेड़ा में प्रचार किया। दूसरी ओर एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार ने सोलहापुर में रैली की। शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सतारा के पाटन में एक रैली को संबोधित किया।

खेल सुविधाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना का निरंतर विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री आज कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के भूमि पूजन कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवास, उज्जैन धार और इंदौर को जोड़ते हुए क्षेत्र को वृहद महानगर के रूप में विकसित किया जा रहा है। देवास में प्रदेश का 9वॉ सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश के खिलाड़ियों को शुभकामनाए दीं।

शालेय खेल

68वीं शालेय राष्ट्रीय बैडमिंटन और शतरंज स्पर्धा आज से नर्मदापुरम में शुरू हो गई है। प्रतियोगिता में देशभर के करीब 1 हजार 350 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 21 नवंबर तक चलेगी। बैडमिंटन के सभी मैच बुधवाड़ा में स्थित पंडित रामलाल शर्मा स्कूल के मैदान और शतरंज प्रतियोगिता एनएमवी के ऑडिटोरियम हॉल में होगी।

रेलवे

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल को टिकिट चेकिंग से अक्टूबर माह में 2 दशमलव 29 करोड़ रूपयों की कमाई हुई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि नियमित टिकिट चेकिंग के दौरान बिना टिकिट और बिना बुक कराए सामान ले जा रहे यात्रियों से यह जुर्माना वसूला गया। उन्होंने यात्रियों से उचित टिकिट लेकर यात्रा करने का अनुरोध किया है।

मौसम

प्रदेश में सर्दी का असर तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पूर्वी हवाओं के कमजोर होने और पहाड़ों में जेटस्ट्रीम चलने की वजह से ऐसा मौसम बन रहा है। आने वाले दिनों में इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क सकता है। उत्तरी हिस्से यानी ग्वालियर-चंबल संभाग में ठंड का असर ज्यादा बढ़ेगा। प्रदेश के कई हिस्सों में 20 नवंबर तक शीतलहर चलेगी। भोपाल, इंदौर-जबलपुर में भी कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।

समाचार संक्षेप में .....

ऽ पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने आज सीहोर जिले के गाँव चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में गौशाला का निरीक्षण किया और अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट की।

ऽ पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज पवई क्षेत्र में आजीविका की नवीन गतिविधियों से जुड़ी आदिवासी वर्ग की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने सामूहिक रूप से आर्थिक रूप से सशक्त बनने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने की प्रशंसा की।

ऽ नीमच जिले में सीएम हेल्प लाईन में दर्ज विभिन्न विभागों की शिकायतों के आपसी समन्वय से निराकरण के लिए सभी पुलिस थाना स्तर पर आज शिविर आयोजित किए गए।

ऽ पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के अरी बफर रेंज में कर्मचारियों को एक बाघ शावक मृत मिला है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चलेगा।

ऽ  खंडवा में आज प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत् पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवारजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। कल शहरी क्षेत्र खंडवा के मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में शिविर लगाया जाएगा।

--------------------